Vol. IX] First Day of the Third Session of Fourth Lok Sabha [No. 1


## LOK SABHA

*Monday, November 13, 1967/Kartika 22, 1889 (Saka)*

---

*The Lok Sabha met at Eleven of the Clock.*

[MR. SPEAKER *in the Chair*]

## MEMBER SWORN

Shri Rupnath Brahma (Kokrajhar—Assam)

---

## OBITUARY REFERENCES

MR. SPEAKER : I have to inform the House of the sad demise of nine of our friends namely Shri M. K. Shivananjappa, Dr. Ram Manohar Lohia, Shri G D. Patil, Shri H. P. Chatterjee, Dr. K. B. Menon, Shri Bhausaheb Raosaheb Mahagaonkar, Shri Udai Shanker Dube, Pandit Bhagwati Charan Shukla and Pandit Nilkantha Das.

Shri Shivananjappa was a sitting Member of this House from Mandya constituency of Mysore. He passed away at Mysore on the 2nd September, 1967, at the young age of 47. He had also been a Member of First, Second and Third Lok Sabha during the years 1952—67. He was a member of the Committee on Absence of Members and Committee on Petitions during the Second and Third Lok Sabha. He made useful contributions in the House and the Committees.

Dr. Ram Manohar Lohia was a sitting Member of this House from Kannauj constituency of Uttar Pradesh. He passed away at New Delhi on the 12th October, 1967 His death was premature.

As all of us know, Dr. Lohia joined the national movement for the independence of our country with the zeal of a missionary. He took a very active part in the Quit India Movement of 1942. After India attained independence, Dr. Lohia played an active part in the freedom movement of Goa. He suffered imprisonment nearly 18 times for his participation in various movements in India, Goa and Nepal. He was a believer in socialism which was of a secular order. He made ceaseless efforts in the realms of thought and action. to fight out the social tyranny.

Dr Lohia entered Parliament in 1963 when he was elected to Third Lok Sabha in a bye-election from Farrukhabad constituency of Uttar Pradesh. As a member of this House he raised a number of debates which aroused great interest not only in this House but in the country also. He was a powerful speaker. No one could even think that death would take him away so soon from us. His death removes from the Indian political scene and this House one of the outstanding leaders.

Shri G. D. Patil was a sitting Member of this House from Bijapur constituency of Mysore. His tenure in this House was very short-lived. He took his seat in the House on the 6th April, 1967 and he passed away at Bijapur on the 1st November, 1967, at the very young age of 45.

Shri H. P. Chatterjee was a sitting Member of this House from Krishnagar constituency of West Bengal. He was also a member of the Third Lok Sabha during the years 1962—67. He was an active member of the House and used to make useful contributions in debates. He suddenly passed away at New Delhi on the 11th November, 1967 at the age of 70.

Dr. K. B. Menon was a Member of Second Lok Sabha during the years

[Mr. Speaker]

1957—62. He passed away at Calicut on the 6th September, 1967, at the age of 70.

Shri Bhausaheb Raosaheb Mahagaonkar was a Member of Second Lok Sabha during the years 1957—62. He passed away at Kolhapur on the 18th October, 1967, at the age of 50.

Shri Udai Shanker Dube was a Member of First Lok Sabha during the years 1952—57. He passed away at Basti on the 25th October, 1967 at the age of 64.

Pandit Bhagwati Charan Shukla was a Member of First Lok Sabha during the years 1952—57. He was accidentally drowned in the Narmada at Jabalpur on the 30th October, 1957 at the age of 54.

Pandit Nilkantha Das was a Member of the Central Legislative Assembly during the years 1923—30 and 1935—45. He was for some time the Speaker of the Orissa Legislative Assembly also. He passed away at Cuttack on the 6th November, 1967 at the age of 85

We deeply mourn the loss of all these friends and I am sure the House will join me in conveying our condolences to the bereaved families

THE PRIME MINISTER, MINISTER OF ATOMIC ENERGY, MINISTER OF PLANNING AND MINISTER OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRIMATI INDIRA GANDHI). Mr. Speaker, Sir we reassemble here this morning under the shadow of grief at the departure from our midst of a number of our valued colleagues and comrades. This particular inter-session period has taken a rather heavy toll.

The House will miss Dr. Ram Manohar Lohia, who was one of our leading parliamentarians. His whole life was a struggle for causes he held dear, for the down-trodden and the under-privileged. He played a memorable part in our freedom struggle, specially in the Quit India movement, and was among the founders of the Socialist movement in the country. His untimely death removes from our midst a vigorous mind and a dynamic character. This House will not be the same without him.

We shall also miss Shri Shivannanjappa and Shri G. D. Patil, both sitting Members from Mysore. Their passing away has saddened us all.

The late Dr. K. B. Menon and Shri Mahagaonkar were Members of the Second Lok Sabha. Dr. Menon was one of the gentlest of men and actively participated in the work of the Indian States Peoples Conference and the Indian Civil Liberties Union.

Shri Udai Shanker Dube and Shri Bhagwati Charan Shukla were both Members of the First Lok Sabha. Shri Shukla, son of the late Pandit Ravi Shankar Shukla, died an untimely and tragic death by drowning. We offer our deepest condolences to our colleague, Shri Vidya Charan Shukla and the family

Going back further in time, Shri Nilkantha Das was a Member of the old Central Legislative Assembly. He was a poet, a writer and an educationist having been connected with the Universities of Calcutta and Delhi. For some time he was Speaker of the Orissa Assembly and the recipient of our national honour of Padma Bhushan.

We were looking forward to seeing the familiar face of our colleague Shri H P Chatterjee during this session, but only a couple of days ago death has also taken him away from us. He was an old freedom fighter and an active parliamentarian with a long record of service in the cause of the country. The House will remember that it was about three years ago that his only son laid down his life in the defence of the country

It is with sorrow in our hearts that we remember these Members, who have served their country well, each according to his own light. We pay them our humble tribute and offer our

sincere condolences to the bereaved family.

SHRI RANGA (Srikakulam) : The members of our party and myself associate ourselves with what you have said and what the Prime Minister has said about all these valued comrades and colleagues of ours in this House and also in the previous Houses.

Dr. Lohia was one of our national leaders. It was given to him to have taken part in many popular movements that raged in our country during the last three decades. It was my privilege to have enjoyed his comradeship in the kisan movement when I was trying to build up the units in West Bengal. Though he hailed from Rajasthan, and was working in U.P., he had so much influence in West Bengal also even as early as 1935. And then in Goa, in Nepal, in NEFA and in so many other places where he felt the need for courageous leadership he placed himself unhesitatingly in the vanguard, faced the risks of that position and advanced the cause of the people in their fight for freedom.

Like so many of us, he also had the privilege of working under the leadership of Mahatma Gandhi. His sense of discipline was so great that when Mahatma Gandhi did not agree with his proposition in regard to South Africa which was accepted by the AICC, and Mahatma Gandhi wanted the AICC to resile from its position, like a loyal soldier he accepted Mahatma Gandhi's suggestion. And he allowed the AICC to rescind its own resolution. This, I am mentioning, because he has always been known as a rebel among rebels and yet he had also that strain of discipline within himself. In this House, as well as in the country as a whole, he played a notable part and he always had the genius to give a turn which has not been taken by the others and to make the issue look very different when he began to handle it. That is why it was that as soon as he came into this House he drew the attention of the House to the existence of starvation as he conceived it and made this House as well as the State legislatures understand what is meant by starvation in a different manner, with very good results, so far as the recent famines in Uttar Pradesh, Bihar and Orissa were concerned.

Sir, Dr. Lohia passed away much too soon. The country cannot afford it nor this House. The Prime Minister said the right thing, on our behalf, what was very much in our mind, that the House cannot be the same after his death. We mourn his death and the whole country also feels the same.

Mr. Patil was one of our colleagues in this House; he had been a good Swatantrite. He was an MLA in Mysore. He had also served the people in the local bodies. He did a lot of social work.

Pandit Nilkantha Das was one of my old colleagues. We came together into this House under the leadership of Bhulabhai Desai. He was one of the Secretaries of our party here in this House. We used to come and work together on this side of the House against the British who then used to occupy those Benches. He was such a great fighter. As you said, he was a poet, a great writer in Oriya. He made a great contribution to the development of Oriya literature and language. He sacrificed everything that he had; the only other man I can think of in equal measures is Mr. Prakasam of Andhra Pradesh.

Then there is this great man, H. P. Chatterjee. There are very few of us here who love trees and forests half as much as he has done. When he was making his last, long speech in this House, holding forth in favour of tree development and forest development and forest wealth, I was reminded of the ancient *Rishis*, and he did behave like an ancient *Rishi* when his one and only son gave up his life in the cause of the country in that war that was imposed upon us by Pakistan in 1965. We mourned his son's death, also, but Mr. Chatterjee was glad that it was given to him to make that sacrifice in

[Shri Ranga]

the second generation also. He was one of the very few heroic people that we can come across and it is a privilege indeed to have had him in this House as one of our colleagues.

Dr. K. B. Menon was the gentlest of men, as the Prime Minister herself was putting it. *He* was a lovable man. He was with us when he was half-blind and yet, he would put up a struggle for civil liberties; though he had only half of the ordinary eyes that ordinary people have, yet he had all the eyes that Indra had. He was always a good sentinel for the freedom of the people.

Sarvashri Shivananjappa, Dube, Mahagaonkar and Shukla were also our colleagues in this House. They have all passed away. We mourn the death of all these patriotic colleagues of ours who were Members of this House.

I request you, on behalf of our party, to convey our condolences to the members of the bereaved families.

श्री अटल बिहारी वाजपेयी (बलरामपुर) अध्यक्ष महोदय, एक-एक कर पुरानी पीढ़ी के प्रकाश स्तम्भ ढहते जा रहे हैं, एक एक कर हमारे मार्गदर्शक हम से मुह मोड़ते जा रहे हैं, एक एक कर हमारे कर्णधार राष्ट्र की नौका को मंझधार में छोड़ कर अनन्त मे अदृश्य होते जा रहे हैं। जो जीवन भर आजादी के लिए जूझे, जिनकी जवानी जेल में गली और कष्टो के कांटो में खिली, स्वतन्त्रता की गंगा को लाने के लिए जिन्होंने भगीरथ प्रयत्न किया और स्वाधीन भारत के नव निर्माण में जिन्होंने अपनी शक्ति के अनुसार योगदान दिया उन सब की स्मृति में—आपने उनका नामोल्लेख किया है—हमारे सिर श्रद्धा से नत हैं, हम हृदय से उनके प्रति कृतज्ञ हैं।

डा० लोहिया के निधन का समाचार मुझे भैसाड में मिला। मेरे साथ स्वतन्त्र पार्टी के श्री लोकनी और कांग्रेस के श्री० राम सेवक जी भी थे। एक क्षण के लिए हम स्तब्ध हो गए, जड़ से रह गए, अपनी सुध बुध भूल गए, मानों वज्रपात हो गया हो। हर मोर्चे पर संघर्ष लेने वाला योद्धा, हर अन्याय और अभाव के विरुद्ध सबको लड़ने के लिए ललकारने वाला सेनानी, हर परिस्थिति को अपने अदम्य आत्म-विश्वास और अपनी कर्तृत्व शक्ति से अनुकूल मोड़ देने वाला नेता इतनी जल्दी जीवन की बाजी हार जाएगा ऐसा हमने कभी नहीं सोचा था। शायद उनकी चिकित्सा में कोई चूक हो गई, सम्भवत: क्रूर काल ने अपनी क्रूरता में कोई कमी नही छोड़ी।

डा० लोहिया एक महान देशभक्त, स्वतन्त्रता संग्राम के अग्रगण्य नेता, मौलिक विचारक और क्रान्तिदर्शी व्यक्ति थे। उनका व्यक्तित्व अनूठा, विविधताओं से परिपूर्ण और बहुमुखी प्रतिभाओं से सम्पन्न था। वे स्वयं विवाद का विषय रहते थे और नए नए विवाद खड़े करने में रस लेते थे। वे जीवन के बागी थे और बगावत जैसे उनके स्वभाव का अंग बन गई थी। उन्होंने राष्ट्र के जीवन को एक नई दिशा देने का यत्न किया, वह एक नए राज और एक नए शासन के सन्देशवाहक और संयोजक थे। उनके विचारो से किसी को मतभेद हो सकता है किन्तु दलितो के लिए, पीड़ितो के लिए उनके हृदय में जो अग्नि जलती थी वह उनके निकट आने वाले को बिना झुलसाए, बिना आलोकित किए नही रहती थी।

अध्यक्ष महोदय, डा० लोहिया अब नहीं रहे, उनका स्थान शायद रिक्त ही रह जाएगा। राष्ट्र के जीवन में उनकी कमी शायद पूरी नही हो सकेगी। समाजवादी होते हुए सरकारीकरण का विरोध करने वाले, परम्परागत सेठो के साथ-साथ सरकारी सेठों पर भी प्रहार करने वाले, पुराने राजा महाराजाओ के साथ-साथ नए राजा महाराजाओं के विरुद्ध तर्क के तेज तीर और व्यंग के वाण छोड़ने वाले, अंग्रेजी को हटाने का नारा देने वाले और भारतीय भाषाओं की सम-

हिमालय जैसे पर्वतों को भारत माता की सीमा मानने का अभिभूत बताने वाले, एवरेस्ट को सगरमाथा, नेपाल को सर्वतीर्थ कहने पर जोर देने वाले डाक्टर लोहिया संसार से उठ गए। सबको खरी-खोटी सुनाने वाले अपने संगी साथियों को भी किसी तरह की माफी न देने वाले लेकिन सबके गले में बांह डाल कर उन्हें हृदय से लगाने वाले, उन्हें साथ लेकर चलने का प्रयत्न करने वाले डा॰ लोहिया हम से रूठ गए। काल ने उनका शरीर नष्ट कर दिया लेकिन उनकी कीर्ति अमर है और अमर है उनका सपना, महान और शक्तिशाली भारत का सपना, भारत और पाकिस्तान के एकीकरण, का— दोनों का महासंघ बनाने का सपना, तिब्बत की मुक्ति का सपना, स्वतन्त्र पख्तूनिस्तान का सपना, जन्म, वंश और कुल के आधार पर होने वाले सभी भेदभावों की समाप्ति का सपना; भारतीय भाषाओं की प्रतिष्ठा का सपना उनके यह सपने हमें उत्तराधिकार में मिले हैं। ये सपने आज हमारी थाती हैं। यदि हम उन्हें सत्य सृष्टि में परिणित करने का प्रयत्न कर सकें तो वह उनके प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

SHRI MANOHARAN (Madras North): Mr. Speaker, Sir, on behalf of my party, the D.M.K. Party in Parliament, I associate myself with the sentiments expressed by the Leader of the House on the demise of Dr. Lohia and others.

It is really a tragedy that this country is losing her finest flowers periodically when she is passing through crises after crises. It might be a natural phenomenon, but the shock it produces cannot be endured and the vacuum it creates cannot be filled up.

Dr. Lohia, one of the veteran national leaders this country has ever produced, whose contribution to the noble cause of this nation's freedom was historic and resplendent, is no more with us today.

Dr. Lohia represented an idea, a theme, a philosophy. Ultimately he has become an institution—an era. He has been dynamic, resolute, fearless, indignant, critical, pungent and, what more, "human" ultimately.

He was uncompromising in principles. At times he gave an impression that he was an impossible man to deal with. He was essentially a man, a leader of the masses, nothing to do with the people in the ivory tower. He disquieted the oppressors and reassured the suppressed. His words might have been harsh, attacks might have been invidious, criticisms might have been too much personal, suggestions might have been too big an ideal to be swallowed, but his intention was pure and noble completely for the well-being and welfare of this country. The ways adopted by him in explaining his views might invite criticism, evoke anger also. But the ultimate goal he wanted this country to reach should warrant no dispute.

Despite the sincere attempt on the part of the Government, despite the meticulous attention shown by the trusted and experienced doctors, we could not save Dr. Lohia. Let us not brood over that. Let us try to give new life to the principles of Dr. Lohia and let us try to give them a correct and concrete shape.

Sir, on behalf of my party, I offer my heartfelt condolences to the bereaved family of all these finest leaders of our country who are not with us.

श्री योगेन्द्र शर्मा (बेगूसराय) : अध्यक्ष महोदय, सदन के नेता ने डाक्टर राम मनोहर लोहिया, श्री एस॰ पी॰ चैटर्जी तथा दूसरी दिवंगत आत्माओं के प्रति समवेदना और श्रद्धा के जो विचार प्रकट किए हैं उनके साथ हमारी पार्टी और हमारी पार्टी के सदस्य शामिल हैं। डा॰ राम मनोहर लोहिया जो भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन के एक असाधारण और निर्भीक योद्धा थे और जो भारत के समाजवादी विचार के आन्दोलन

[श्री योगेन्द्र शर्मा]

के एक ऐसे प्रतीक थे जो देश की शोषित पीड़ित जनता के आशा-दीप बन गए थे, उनके निधन, असामयिक निधन की खबर सुन कर विश्वास नहीं होता था कि वे हम लोगों के बीच से चले गए हैं। डा० राम मनोहर लोहिया से मेरा व्यक्तिगत संपर्क उन दिनों से है जब कि वे भारत के तरुण समुदाय को अंग्रेजी शासन के खिलाफ समझौताविहीन संघर्ष के निमित्त कांग्रेस-सोशलिस्ट पार्टी के अन्दर संगठन कर रहे थे। मुझे याद है 1936 में कांग्रेस-सोशलिस्ट पार्टी के तत्वावधान में समाजवादी अध्ययन-मंडल में मैं एक विद्यार्थी की हैसियत से शामिल होता था तो डाक्टर राम मनोहर लोहिया हमारे प्रोफेसर होते थे और तब से लेकर मृत्यु पर्यंत उनका जो जीवन संघर्ष है वह इस देश के भीतर राष्ट्रीय स्वतन्त्रता का संघर्ष, इस देश के भीतर देश को, सुदृढ़ करने, देश के भीतर सादगी, स्वदेशी और समता के प्रदीप को उज्ज्वल करने का संघर्ष था और इसी संघर्ष के दौरान में उन्होंने भारत छोड़ो आन्दोलन में जो शानदार अग्रणी भूमिका अदा की, उसने भारत के लाखों लाखों नवयुवकों को राष्ट्रीय आन्दोलन में सम्मिलित होने की प्रेरणा दी और लाखों लाखों नवजवान सर्वस्व न्यौछावर कर इस संग्राम में शामिल हुए। राष्ट्रीय स्वतन्त्रता के बाद जब हमारे देश ने एक नई परिस्थिति का सामना किया और जिस नई परिस्थिति का सामना आज तक कर रहा है उस नई परिस्थिति में उन्होंने अभाव, अभियोग और अन्याय के खिलाफ शोषित पीड़ित जनता के संघर्षों का शंखनाद किया। वह शंखनाद किया जिस शंखनाद ने निर्बल जनता को यह विश्वास दिया कि वह संगठित हो कर अन्याय को निर्मूल कर सकते हैं, अभाव को दूर कर सकते हैं, अभियोगों को दूर कर सकते हैं और इस शंखनाद ने इस देश के भीतर शोषित पीड़ित जनता को एक साथ विचार, एक साथ आदर्श को लेकर आगे बढ़ने में जो सहायता की है, उसके लिए भारत की शोषित पीड़ित जनता डा० राम मनोहर लोहिया के प्रति हमेशा कृतज्ञ रहेगी।

डा० राम मनोहर लोहिया ने पिछले आम चुनावों के अवसर पर जब देश की वास्तविक परिस्थिति मांग कर रही थी परिवर्तन की तो डा० राम मनोहर लोहिया जो प्रगति और परिवर्तन के महान सारथी थे, उन्होंने परिवर्तन और प्रगति का रास्ता रोशन किया और उस रास्ते पर बहुत हद तक सफलता हासिल की। अपनी मृत्यु के समय तक वह बेचैन थे। उनकी बेचैनी इस बात की थी कि कैसे इस देश के आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक जीवन में परिवर्तन प्रगतिपूर्ण परिवर्तन लाया जाय। इस प्रगतिपूर्ण परिवर्तन के लिए बेचैन भारत के वह महान रत्न आखिरी घड़ी तक न केवल अपने साथियों बल्कि तमाम दूसरों से बात करते रहे, समझाते रहे। मतभेदों के बावजूद उनमें एक विचारों का संगम स्थापित करने की कोशिश करते रहे। हमें याद है कि इस सभा का पिछला सत्र जब खत्म हो रहा था तो उसके दो चार दिन पहले उन्होंने मुझ को बुला कर कहा था कि अब तो हमारी पीढ़ी के लोग अपनी जिन्दगी की आखीरी मंजिल में हैं और आखीरी मंजिल में हैं तो हम अपने देश का जो सपना पाल कर के रख रहे हैं, मैं चाहता कि वह सपने पूरे हों। क्या समाजवादी भारत, सुखी भारत और सुदृढ़ भारत के निर्माण का हमारा सपना पूरा नहीं होगा? उस सपने को पूरा करने के लिए यह आवश्यक है कि देश में—और इस संसद् में—प्रगतिशील विचारों के लोग एक न्यूनतम कार्यक्रम के आधार पर एकताबद्ध हों और देश में न केवल राजनीतिक परिवर्तन, बल्कि आर्थिक और सामाजिक परिवर्तन का भी एक नया अध्याय आरम्भ करें।

डा० राम मनोहर लोहिया चले गए, लेकिन आज जब हम उनको श्रद्धांजलि अर्पित

कर रहे हैं, तो हम समझते हैं कि हमारी सबसे बड़ी श्रद्धांजलि यही होगी कि उन्होंने विरासत के रूप में जो कार्यक्रम हमें दिया है, हम उसको पूरा करें और जो आदर्श हमारे सामने रखा है, हम उसका पालन करें। मुझे याद आता है कि अपनी आखिरी मुलाकात में उन्होंने अन्य बातों के अलावा यह कहा था कि यदि समान कार्यक्रम के आधार पर तमाम प्रगतिशील शक्तियों का एक संयुक्त मोर्चा नहीं बन सकता, तो कम-से-कम संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का तो एका होना ही चाहिए, क्योंकि यदि यह एका हो जाता है, तो देश में परिवर्तन और प्रगति की शक्तियों में बड़ी ताकत आ जाती है। डा० लोहिया द्वारा विरासत के रूप में दिये गए इस विचार को हम पूरा करें, यही हमारी सबसे बड़ी श्रद्धांजलि होगी।

श्री एच० पी० चटर्जी हमारे राष्ट्रीय आन्दोलन के वयोवृद्ध योद्धाओं में से एक थे, जो आज बहुत ही कम रह गए हैं। उन्होंने जीवन-पर्यन्त राष्ट्रीय आजादी के लिए संघर्ष किया और फिर वह जनता की सेवा के कार्य में लग गए। उन्होंने अपने पूरे जीवन को देश की स्वतन्त्रता और जन-सेवा के लिए समर्पित कर दिया। यहां तक कि उन्होंने अपने एकमात्र पुत्र को देश की सुरक्षा के लिए समर्पित कर दिया। मैं अपने दल की ओर से उस देशसेवी और जनसेवी के निधन पर अपनी श्रद्धांजलि और संवेदना प्रकट करता हूं।

अन्य महानुभावों के निधन पर इस सदन में जो उद्गार प्रकट किये गए हैं, मैं अपने आपको उनके साथ सम्बद्ध करता हूं।

श्री मधु लिमये (मुंगेर) अध्यक्ष महोदय, अब हम लोगों के बीच डा० राम मनोहर लोहिया नहीं रहे हैं। उनकी असामयिक मृत्यु से हमारा सार्वजनिक जीवन वैतन्यविहीन हो गया है, इस सभा की रौनक चली गई है और हम जैसे लोगों के जीवन में एक रिक्तता उत्पन्न हुई है, जिस की पूर्ति करना, मुझे नहीं लगता, सम्भव होगा।

डा० राम मनोहर लोहिया ने हमारे स्वतन्त्रता-संग्राम में एक बहुत बड़ा काम किया। हमारी पीढ़ी के लोग जानते हैं कि 1942 में महात्मा जी और वर्किंग कमेटी के सदस्यों की गिरफ्तारी के बाद अंग्रेजी दमनचक्र का विरोध कर के प्रतिकार की ज्योति प्रज्वलित करने का काम जिन इने-गिने नेताओं ने किया, उनमें डा० लोहिया ही अग्रसर रहे। मुल्क का जो बटवारा हुआ, उसके वह घोर विरोधी थे। आज मुझे याद आता है कि माउंटबैटन योजना पर वर्किंग कमेटी में जो प्रस्ताव पास किया गया, उसमें गांधीजी के और उनके कहने पर एक यह जुमला डाला गया कि बटवारा तो हो रहा है, लेकिन हम इस बात को नहीं मान रहे हैं कि हिन्दू और मुस्लिम अलग-अलग राष्ट्र हैं और पहाड़ों, नदियों और समुद्र की वजह से हिन्दुस्तान का जो रूप बना है, हिन्दुस्तान की एकता का जो चित्र है, वह हमेशा हृदयगम रहेगा।

डा० लोहिया मानते थे कि जब तक गोआ आजाद नहीं होगा, जब तक पुदुचेरी आजाद नहीं होगा और हिमालय के इलाके में स्थित नेपाल, तिब्बत, सिक्किम और भूटान के राज्यों में जब तक लोकतंत्र के आधार पर नया समाज कायम नहीं होगा, तब तक भारतीय स्वतन्त्रता का कार्य अधूरा ही रह जायेगा। नेपाल में लोकतांत्रिक क्रान्ति लाने के लिए और गोआ को आजाद करने के लिए सब से पहले डा० लोहिया ने पहल की। अध्यक्ष महोदय, आप जानते हैं कि गोआ में वह दो दफ़ा गिरफ्तार हुए थे और अगर महात्मा जी न होते, तो मेरा ख्याल है कि उनको बरसों तक गोआ की कैद में बन्द रहना पड़ता। उसी तरह हमारे देश के ही एक भाग में उर्वशीयम्, जिसे आज अब

[श्री मधु लिमये]

की नेपाल कहते हैं, और बाकी हिन्दुस्तान में जो असमानता है, उसको खत्म करने के लिए उनको सिविल नाफरमानी करनी पड़ी थी ।

इस देश की गरीब जनता की मांगों को ले कर उनको नित्य संघर्ष करना पड़ा और स्वतंत्रता के बाद भी अठारह दफ़ा उनको जेल जाना पड़ा । उनमें न केवल राष्ट्रीय भावना थी, बल्कि उन के सामने मानव-जाति के कल्याण का भी सपना था । उन्होंने यह कहा है कि मेरी यह इच्छा है कि एक ऐसी दुनिया का सपना साकार हो, जिसमें आदमी को बिना पासपोर्ट लिये हुए कहीं भी जाने की इजाजत मिलेगी और जहां पर भी वह रहना चाहेगा या मरना चाहेगा, उसकी उसको छूट होगी । यही वजह है कि जब वह अमरीका में गए थे, तो वहां पर रंगभेद को ले कर नीग्रो जनता पर जो अन्याय हो रहा है, उस के विरुद्ध किये जा रहे आन्दोलन के प्रति उन्होंने केवल शाब्दिक हमदर्दी ही व्यक्त नहीं की, बल्कि एक जगह उन्होंने खुद सिविल नाफ़रमानी की और वहां की पुलिस ने उनको गिरफ्तार किया, लेकिन अमरीका की सरकार तत्काल जागी, प्रैसिडेंट जानसन ने माफ़ी मांगी और उनको छोड़ दिया गया । डा० लोहिया उन लोगों में से थे, जिनमें क्षेत्रीयता और संकीर्णता का अंश भी नहीं था । एक ओर वह मानते थे कि हमारी राजनीति का आधार राष्ट्रीयता होनी चाहिए । उनका कहना था कि जब तक दुनिया में सार्वभौम राष्ट्र रहें और सीमायें रहें, तब तक हमको भारत की भूमि के किसी भी हिस्से पर विदेशियों का कब्जा नहीं होने देना चाहिए । लेकिन साथ-साथ वह यह मानते थे कि अन्ततोगत्वा हमको विश्व सरकार की ओर जाना है और ऐसी विश्व सभा का निर्माण करना है, जिसमें संयुक्त राष्ट्र संघ की तरह सार्वभौम सरकारों के प्रतिनिधि नहीं, बल्कि इस लोक सभा की तरह मानव-जाति के द्वारा सीधे चुने हुए प्रतिनिधि आ कर बैठेंगे ।

समाजवादी आन्दोलन के वो यह प्रतिष्ठापक रहे हैं, लेकिन उनकी यह विशेषता रही कि वह सृजनशील प्रतिभा के व्यक्ति थे और उन्होंने समाजवादी आन्दोलन को नये-नये विचार दिये । जैसे, हम समाजवादी लोग हमेशा मानते थे कि वर्ग-व्यवस्था को ख़त्म करने के लिए वर्ग-संघर्ष करना पड़ेगा लेकिन वह पहले समाजवादी नेता थे, जिन्होंने कहा कि यदि हम वर्ग-संघर्ष करने के साथ-साथ जाति-व्यवस्था का उन्मूलन करने के लिए संघर्ष नहीं करेंगे, तो हमारी क्रान्ति अधूरी रह जायेगी । उन्होंने कहा कि मार्क्स का वर्ग-संघर्ष और वर्ग-विहीन समाज का जो विचार है, हिन्दुस्तान की स्थिति में उस को और विकसित करने के लिए यहां की पिछड़ी जनता को आगे बढ़ाने के लिए विशेष अवसर का सिद्धान्त लागू करना चाहिए । वह हमेशा कहते थे कि फ्रेंच राज्य-क्रान्ति ने विचार दिया समान अवसर का, कानून के सामने समानता का, लेकिन हमको विशेष अवसर के सिद्धान्त को अपना कर हिन्दुस्तान में आर्थिक समानता के साथ-साथ सामाजिक बराबरी भी कायम करनी चाहिए । इस लिए जब विभिन्न प्रदेशों में गैर-कांग्रेसी मंत्रि-मंडलों का निर्माण हुआ, तो उन्होंने हमको यह हिदायत दी कि मंत्रि-मंडलों में हम जो अपने प्रतिनिधि भेजें, उनमें साठ प्रतिशत पिछड़े वर्ग के हों ।

अध्यक्ष महोदय, आज अगर मेरे जैसे व्यक्ति इस लोक सभा में भी एक भारतीय भाषा बोल रहे हैं, तो उसका कारण—एक तो मैं महात्मा जी जिनको धन्यवाद देता हूं और, स्वतन्त्रता के बाद, दूसरे व्यक्ति डा० राम मनोहर लोहिया जिनका यह आग्रह था कि हमारे सार्वजनिक व्यवहार में, सरकारी काम-काज में, अदालतों और विश्वविद्यालयों में माध्यम के तौर पर अंग्रेजी का नहीं, लोक भाषा का इस्तेमाल होना चाहिये । डा० राम मनोहर लोहिया को बदनाम करने की कोशिश की गई कि वह गैर-हिन्दी भाषाओं

पर हिन्दी को लादना चाहते थे, लेकिन, अध्यक्ष महोदय, वह किसी के ऊपर हिन्दी को नहीं लादना चाहते थे। वह इस देश की पचास करोड़ जनता पर अंग्रेजी लादने के हामी थे और वह चाहते थे कि सभी क्षेत्रों में लोक-भाषा का प्रयोग हो। इसलिये कभी-कभी अपनी भावना को व्यक्त करने के लिये कहते थे कि हिन्दी जहन्नुम में जाय, उससे मुझे कोई मतलब नहीं है, लेकिन अंग्रेजी जाय। इसका मतलब यह नहीं कि वह अंग्रेजों का द्वेष करते थे, वह अंग्रेज गवर्नर-जनरलों की मूर्तियों के हटाने के हक में थे, लेकिन मेरा ख्याल है कि अगर शेक्सपीयर के नाम से या आइजक न्यूटन के नाम पर यदि किसी सड़क का नामकरण किया जाता तो वह उसका विरोध नहीं करते। वह क्लाइव स्ट्रीट के विरोधी थे, वह डलहौजी स्क्वायर के विरोधी थे, लेकिन शेक्सपीयर और बर्नार्ड-शा के विरोधी नहीं थे। इसलिये, अध्यक्ष महोदय, राष्ट्रीयता के साथ-साथ विश्व-बन्धुत्व को जोड़ने का व्यापक दृष्टिकोण वह रखते थे और वह चाहते थे कि दोनों में हम लोग समन्वय स्थापित करें।

अध्यक्ष महोदय, स्वतन्त्रता के बाद उनको ऐसा लगा कि पुराना जो त्याग का जमाना था, वह नष्ट होकर भोग-युग शुरू हुआ है। इसलिये वह इस बात के लिये प्रयत्नशील थे कि शौकीनी, विलासिता और फिजूलखर्ची का भोग-युग समाप्त हो और उसकी जगह पर सादगी, बराबरी, उद्यमशीलता और त्याग का युग शुरू हो जाय। उसके बिना, वह कहते थे, हमारे राष्ट्र की पुनर्रचना नहीं हो सकती। उनके अन्तिम दिनों में, अध्यक्ष महोदय, तीन बातों पर वह जोर देते थे—एक तो समाजवादी शक्तियों का एकीकरण। आज हमारी राजनीति में बड़ा बिखराव आ रहा है और वह चाहते थे कि सत्तारूढ़ दल बिखरे, क्योंकि वह महात्मा जी की राय को मानते थे—स्वतन्त्रता के बाद कांग्रेस पार्टी को नहीं रहना चाहिये था। लेकिन साथ ही साथ वह चाहते थे कि केवल बिखराव की ही प्रवृत्ति न बढ़े, एकत्रीकरण की प्रवृत्ति भी हमारे देश में बढ़े, वर्ना हमारे देश की एकता और स्वाधीनता रह नहीं पायेगी। इसलिये वह चाहते थे कि समाजवादी शक्तियों का एकत्रीकरण हो। साथ ही साथ वह चाहते थे कि विरोधी दलों में संयुक्त मोर्चा कायम हो। लेकिन जब वैकल्पिक सरकारों के बनाने का सवाल आया, तो उन्होंने हम लोगों को यह सीख दी कि सत्ता अभिमुख वैकल्पिक सरकारें मत बनाओ, कार्यक्रम अभिमुख सरकारें बनाओ। अगर यह सरकारें निश्चित कार्यक्रम को निश्चित समय के अन्दर पूरा करने का प्रयास नहीं करती हैं तो ऐसी सरकारों में रहना, केवल स्वार्थवाद को लेकर, कुर्सी के लाभ को लेकर, वह अच्छा नहीं समझते थे और इसी लिये उन्होंने हमको कहा था कि उत्तर प्रदेश हो, बिहार हो या दूसरे राज्य, जहां-जहां हमारे दल के लोग मंत्री हैं, वहां हम लोगों को इन सरकारों को कार्यक्रम अभिमुख बनाना चाहिये।

आज मैं इसका उल्लेख इसलिये कर रहा हूं कि उनकी जिन्दगी में उनके ऊपर यह आरोप किया गया कि उनकी राजनीति विध्वंसात्मक थी। मैं मानता हूं कि उनकी राजनीति में विध्वंस का अंश था—बुराइयों का विध्वंस, अच्छाइयों का निर्माण—यह उन के जीवन का मुख्य सूत्र था और इसी लिये जब वैकल्पिक गैर-कांग्रेसी सरकारें बनीं, तो वह उनके कामों से सन्तुष्ट नहीं थे और वह चाहते थे कि ये सरकारें कार्यक्रम अभि-मुख बनें।

अध्यक्ष महोदय, उनके चले जाने से जो रिक्तता आई, वह तो पूरी नहीं होगी, लेकिन उन्होंने अपने त्यागमय जीवन का एक ऐसा आदर्श, एक ऐसी नजीर हमारे सामने प्रस्तुत की है कि उससे हमको हमेशा प्रेरणा मिलती रहेगी।

[श्री मधु लिमये]

हमारे दूसरे जो साथी गुजर गये हैं, उन के प्रति भी मैं डा० राम मनोहर लोहिया के साथ श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और उन के परिवार के जो सदस्य हैं उनके प्रति संवेदना पेश करता हूं।

SHRI A. K. GOPALAN (Kasergod): On behalf of my party I wish to join in the sentiments expressed by all Members who have spoken here today. I want to be brief and do not want to repeat all the sentiments that have already been expressed.

Dr. Lohia's death is a great loss to the country and a greater loss as far as Parliament is concerned. Dr. Lohia and myself, from the early days of the national movement, had been together in the National Congress, in the Congress Socialist Party, and afterwards, though we parted ways, we had always been working together for the common cause of the people and the country. Dr. Lohia's death is also a personal loss to me because, as a Member of Parliament, whenever there were controversial issues he used to call me, discuss with me, and he was so affectionate that not only myself but the other Members of the Opposition also would hear him. Though he was hitting hard, those who did not understand him did not know that it was his passion for the down-trodden people and the cause for which he stood and the suffering of humanity that made him speak so hard. He was also a unifying force as far as the Opposition was concerned, and I also had the experience of his personal friendship, of his good character and affection, and his new thoughts, as my hon. friend Limaye said, as far as the movement in the country is concerned.

Dr. K. B. Menon was with us in the Second Lok Sabha. Apart from Parliament, we had been working together in Kerala, and about him it has been said that he was a loyal worker to the cause of socialism and that he was a gentleman.

As far as Shri H. P. Chatterjee is concerned, we all know about him. He was a fearless fighter, and it was surprising that day before yesterday just after a few hours of my meeting him he passed away.

On behalf of my group I pay our respects and I join in the sentiments expressed by the other friends here and mourn the loss of all the others whose names have been mentioned.

SHRI SURENDRANATH DWIVEDY (Kendrapara): I associate myself and the Praja Socialist Party with the sentiments expressed here in this House. It is a tragedy that this Parliament is meeting under the shadow of death of so many of our colleagues and it will be proper for us, in the circumstances, to adjourn for the day and mourn these losses.

Dr. Lohia was not only a comrade-in-arms, a fellow Socialist, a valiant fighter, but also a great thinker and a dynamic personality in the true sense of the term. I had the privilege to know him since his entry into Indian politics as a socialist. We have worked together for years. We have exchanged thoughts; he had a vision of a socialist society which might appear to be unorthodox but his entire philosophy was based on the opposition to bondage in any form or manner. He based his philosophy on that, and his entire thinking and action was always motivated by that spirit. Therefore he was feeling restless at the social and economic inequalities of our life and the political instability in the country. Therefore he was ruthless in his criticisms, he was of fearless in action. He was also impatient with his own colleagues. Such a spirit is no more in our country. A void has been created which will remain unfilled and the younger generation of this country, I hope and trust, would rally together to take up the cause of the down-trodden so that a new revolution can be brought about for the social transformation of the society as a whole.

Mr. H. P. Chatterjee, whom probably in this Parliament all of us know, was a bold and courageous fighter. I find

very few in the political life who had gone through such sacrifices. He lost his son in the last Indo-Pakistan war. When some of us tried to conceal this news from him, and after all when he heard it—personally speaking, I could not myself have stood that tragedy with such an equanimity and we felt that after all he was his only son—he felt that his son had died as a soldier and a valiant fighter for freedom and integrity of the country. He was not concerned about himself. He asked some of us who met him, "Please go to my house and console the members of my family. So far as I am concerned, I shall try my best to tell them that we have lost nothing by losing our son." Very few in our country would be found in such a bold spirit on an occasion like that.

Dr. K. B. Menon was not only a Member of this House for a brief period; he was also a freedom-fighter and a sponsor of the movement of civil liberties in this country He was associated not only with the States freedom movement but with the freedom movement of the country and with the socialist movement from the very beginning He was such a spirit that if we recall the way he brought the question of civil liberties when he was a Member of this House, all of us should also think about persons like him wherever they are, whether in Parliament or outside, who always sponsored the cause of the down-trodden and the civil liberties in the country.

Lastly, we have lost another veteran, Pandit Nilkantha Das. He was a veteran of the nationalist movement He was a pioneer in many respects in the social, cultural, educational and political fields in Orissa. He was a member of the old Central Legislative Assembly with Bhulabhai Desai as the leader. Sir, his contribution not only to Indian politics but to Indian culture and literature would remain outstanding for all times to come. We have lost him, of course, at his old age, but he has left a heritage which all of us should remember and cherish.

With these words, I again associate myself with the feelings expressed here I hope that so far as others are concerned, you will send our condolences to the bereaved families. But so far as Dr. Lohia is concerned, while we pay tributes to him, we know he was a non-conformist. From the way his cremation took place, and the way he had gone through all his personal life, he remained a non-conformist. Today, when we are mourning his death, probably there is no occasion for us to send any message to any member of his family. The country as a whole should consider that he was her son and we all should mourn his loss.

SHRI FRANK ANTHONY (Nominated—Anglo-Indians) : Mr. Speaker Sir, I would like to associate the Independent Parliamentary Group with the sentiments that have been expressed on the passing away of so many of our valued colleagues.

I would like to say a few words specialy about Dr Lohia. I knew him well enough to call him by his first name Quite frankly, I did not agree with some of his actions. But however much one might have disagreed with some of the views and actions of Ram Manohar Lohia, one could not but help like him personally and like him intensely. He projected certain image in public life. It was the image essentially of a rebel. As my friend, Shri Surendranath Dwivedy, said, he was a confirmed non-conformist.

Whatever else one may have accused Ram Manohar Lohia of, no one could accuse him of not being original both in his thinking and in his action.

Not so long ago when we met at a party, he asked me why whenever I met him, I had a broad smile on my face. I asked him, "Have you ever looked closely at your own face?" He said, why? I said : "It is a personification of impishness. It is a puckish face. You must have been a personification of an imp when you were a young and naughty boy. You projected that into your public life." Whenever he prodded or goaded or criticised, there was this quality of impishness. There was not any malice—at least that was my

[Shri Frank Anthony]

own assessment—about what he said or did. Of course, in a way, that amidst other qualities was responsible for the not inconsiderable following he had and his special capacity to attract not only loyalty but affection.

Mr. Speaker, I would like to ask you to convey our deepest condolences to the members of the bereaved families.

SHRI N. C. CHATTERJEE (Burdwan) : Mr. Speaker, Sir, on behalf of myself and the members of the Progressive Group, I associate myself with the tributes which have been paid. This Parliament today is meeting under the shadow of a true national calamity Dr. Lohia is gone That creates a void which cannot be filled up He was not merely one of the greatest fighters in the Indian liberation movement but was a passionate champion of the oppressed and down-trodden He did so much for helping all backward people and people who were down-trodden and suppressed. References have been made by one of the previous speakers to his passionate pleading for the Hindi language Although there is a great deal of controversy over that in my part of India—West Bengal—he was still the idol of the youth of Bengal Voluntarily, without my asking, he came to my constituency—Burdwan—during the election and he captured the audience by his wonderful speeches in Bengali. You know he spent a good part of his life in Bengal and actually we looked upon him as a fellow Bengali In every crisis, he stood by us and helped us We could never forget his services We shall miss him for all time to come

One other friend is gone—Mr Haripada Chatterjee I will tell you one instance which will show the greatness of the man. The Prime Minister invited me and my daughter-in-law and Shri Haripada Chatterjee and his daughter-in-law to a dinner at her house Who was that daughter-in-law he introduced to me thus? It broke my heart. That was the widow aged about 20 or 21 seated next to the Prime Minister. We know Flt. Lt. Abhijit Chatterjee who sacrified himself at the altar of his motherland.

12 Hrs.

We are all proud of him. Do you know what he was telling me. He was telling me : "Chatterjee sahib : I have got to go. My end is near. What will happen to this poor widow? I have nothing. How will she maintain herself? She is qualified. She is an M.A." I said : "Why don't you talk to the Prime Minister. It is the duty of the Prime Minister to help the widow of one of the most heroic sons of India who sacrificed his life in this manner." He said : "No. I can never do that. I have never bent my head before anybody. I cannot make a request." I said : "I can speak to her". His reply was : "No. I can speak to you and if you can do something I will be happy". Yesterday, Sir, this young girl was going with me in the funeral procession She was sitting next to me I asked : "Why didn't you come to me? Why did not Hari Pada Babu come to me?" She said "No He was a peculiar man He would never do that, never make any request for himself" He was a jewel of man His whole life was devoted to one passion, the uplift of this country, the uplift of the nation. Our duty is to mourn his loss, to pay tribute to him as father of the heroic fighters of India's liberation and one who played a magnificent part in that fight.

Sir, I associate myself with the tributes paid to our friends who have passed away

श्री प्रकाशवीर शास्त्री (हापुड़) अध्यक्ष महोदय, संसद के भूतपूर्व सदस्यों और वर्तमान संसद के चार सदस्यों की नामावली जो अभी आपने पढ़ कर सुनाई है मैं अपनी और अपने सहयोगियों की ओर से उन सबके प्रति अपनी श्रद्धांजलि प्रस्तुत करना चाहता हूं।

जहां तक संसद के वर्तमान चार सदस्यों का सम्बन्ध है, अध्यक्ष महोदय, ऐसे प्रसंग कम आए हैं कि जब संसद के चार-चार सदस्यों को एक साथ श्रद्धांजलि देने के लिए संसद में साथ आए हों। यह दुख भरा प्रसंग आज हमें अपने कानों से सुनना पड़ा। इस प्रकार के

अपने प्रिय साथियों का वियोग हम सबके लिये कष्टदायक है।

डा० राम मनोहर लोहिया—न केवल समाजवादी आन्दोलन के एक अग्रगामी नेता थे, न केवल संसद् के एक प्रमुख अभिवक्ता थे बल्कि वह जनतंत्र के एक सजग प्रहरी भी थे। कभी-कभी डा० लोहिया के भाषणों से और उनके निर्णयों से ऐसा लगता था कि सरकारी निर्णयों के लिए वह एक मजबूत अंकुश का भी काम करते थे। डा० राम मनोहर लोहिया के देहावसान से संसद् की एक बहुत बड़ी क्षति हुई है।

डा० राम मनोहर लोहिया के मन में बार-बार इस बात की एक तड़प रहती थी कि इस देश का विभाजन होने से, हिन्दुस्तान और पाकिस्तान दोनों को अरबों रुपया अपने देश की सुरक्षा पर व्यय करना पड़ रहा है। काश कि यह स्थिति न बनी होती तो यह अरबों रुपया इस महान देश के विकास के ऊपर व्यय किया जाता।

अपने जीवन के अन्तिम भाग में डा० राम मनोहर लोहिया के मुख से कई बार जहां इन बातों की चर्चा सुनने को मिली वहां विशेष रूप से डा० लोहिया के मुख से खान अब्दुल गफ्फार खां की तड़प भी कभी-कभी सदन में और संसद् के बाहर भी सुनने को मिली। अपने जीवन के अंतिम भाग में विशेष रूप से वह इस बात की चर्चा करते थे कि खान अब्दुल गफ्फार खां की आत्मा की पुकार को भारत सरकार और भारतवासी बड़े ध्यान से सुनें और किस प्रकार से हम उनके विचारों को कार्यरूप में परिणत कर सकते हैं, इस बात पर भी विचार करें।

भारत के दलित लोगों के सम्बन्ध में भी डा० लोहिया के मन में एक बहुत बड़ी तड़प थी। डा० लोहिया के ऊपर एक सब से बड़ा आरोप कहीं-कहीं से यह लगाया जाने लगा था कि डा० लोहिया जो अंग्रेजी को हिन्दुस्तान से हटाने के इतने पक्षपाती थे वह शायद उतने ही हिन्दी को भारत में लाने के कट्टर पक्षपाती थे। वस्तुतः लोहिया साहब केवल हिन्दी के नहीं बल्कि समस्त भारतीय भाषाओं के समर्थक थे। यह बात अवश्य है कि संविधान ने जब हिन्दी को राज भाषा के रूप में स्वीकार किया है तो डा० लोहिया की यह हार्दिक अभिलाषा थी कि सरकार अपने निर्णयों पर जल्दी-से-जल्दी अमल करे।

डा० लोहिया को बचाने के लिए उनके सहयोगियों ने और सरकार ने जितना भरसक यत्न हो सकता था, किया। लेकिन फिर भी डा० लोहिया के दुखद देहावसान के पश्चात् एक विवाद उनकी मृत्यु की जांच के सम्बन्ध में चला। अध्यक्ष महोदय, मैं उसकी चर्चा यहां नहीं करना चाहता और न इस विवादास्पद विषय में जाना चाहता हूं। लेकिन इतना मैं अवश्य कहना चाहता हूं कि बम्बई, मद्रास और कलकत्ता के अस्पतालों की व्यवस्था को देखते हुए दिल्ली जो कि भारत की राजधानी है, उसके अस्पतालों की व्यवस्था का एक बार सरकार को फिर से निरीक्षण करना चाहिये और उनकी उचित व्यवस्था करनी चाहिये।

जहां तक श्री एच० पी० चटर्जी का सम्बन्ध है, हमारी बगल में पीछे बैठ कर कभी-कभी जब वह प्रमुख विषयों पर संसदीय कार्यवाही में भाग लेते थे और अपना मत व्यक्त करते थे उससे लगता था कि परिपक्व बुद्धि का राजनीतिज्ञ संसद को अपना मत दे रहा है। श्री चटर्जी के एक मात्र पुत्र के देहावसान के पश्चात् मैं भी उन लोगों में था जो उनके घर संवेदना प्रकट करने के लिये गए थे। जब हमने उनसे कहा कि आपका पुत्र जाता रहा तो श्री चटर्जी के वे शब्द जो उन्होंने हिन्दी में कहे थे मुझे अब तक याद हैं। उन्होंने कहा था कि देश की सम्पत्ति थी, देश के ही काम आ गई। इस प्रकार के एक नेता हमारे मध्य से उठ गए हैं।

इन शब्दों के साथ इन दिवंगत नेताओं के प्रति जहां श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं वहां संसद्

[श्री प्रकाशवीर शास्त्री]

के उन चार वर्तमान सदस्यों के प्रति भी जिन के विचारों से संसद् को अब वंचित होना पड़ेगा, जिनके विचार भविष्य में सुनने को नहीं मिलेंगे। अपने और अपने निर्दलीय सदस्यों की ओर से मैं श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।

**श्री राम सेवक यादव** (बाराबंकी) अध्यक्ष महोदय, ग्यारह और बारह अक्तूबर की रात भारत के इतिहास में सबसे काली रात होगी क्योंकि इसी रात को डा० साहब हम लोगों से छीन लिए गए। डा० राम मनोहर लोहिया की जब इस वक्त हिन्दुस्तान को सबसे ज्यादा जरूरत थी तब वह हम से छीने गए। ऐसा लगता है भारत अभागा है। स्वतंत्रता के बाद गांधी जी की जितनी जरूरत थी पिछले बीस वर्षों में इस देश की जनता ने इस को अनुभव किया है। बीस साल के कठिन परिश्रम के बाद और निरंतर जूझने के बाद एक नया वातावरण बना और जगह-जगह गैर-कांग्रेसी सरकारों की स्थापना हुई जिनको सम्भालने के लिए और जिनके मार्गदर्शन के लिए डा० लोहिया जैसे व्यक्ति के चाबुक की आवश्यकता थी अब वह चाबुक हम से छिन गया।

डा० लोहिया के प्रति आज सभी ओर से शुभ कामनायें और श्रद्धांजलियां आती हैं। उनके विचारों की कद्र हो रही है, उनके सुझावों के बारे में आज सब एक मन हैं, एक मत हैं। पर मुझे एक डर लगता है और उस डर को मैं व्यक्त करना चाहता हूं। डर यह है कि जैसे इस देश की एक बीमारी है और वह यह है कि जब कोई आदमी अपने मौलिक विचारों से अपने जीवन में देश को सुधारना चाहे तब यह देश उसको ठुकराता है, उसका आदर नहीं करता है लेकिन जब वह व्यक्ति बीच में से उठ जाता है तब श्रद्धांजलियां अर्पित की जाने लगती हैं और उनकी स्तुति का गान होता है। नतीजा यह होता है उन लोगों का बनाया हुआ जो रास्ता होता है, जो उनके विचार होते हैं, जो उनकी नीतियां होती हैं वे समाप्त कर दी जाती हैं। जैसे गांधीजी की आत्मा की आज पूजा होती है लेकिन गांधीवाद क्या था, उनकी सादगी और सच्चाई क्या थी, उससे हम बड़ी दूर होते चले जा रहे हैं। उसी तरह से अब उसकी पुनरावृत्ति न हो, उसके लिए हमें सजग रहना है, इस संसद् को और संसद् के सभी माननीय सदस्यों और नेताओं को सजग रहना है। डा० राम मनोहर लोहिया ने जो विचार दिये, जो नीतियां दीं, जो सुझाव दिये जिनकी भूरि-भूरि प्रशंसा हम इस समय कर रहे हैं उस रास्ते पर अगर हम चलें तभी मानवता का कल्याण होगा और यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि भी हो सकती है।

उन्होंने जिन्दगी भर अन्याय के विरुद्ध लड़ाई की और लोगों से और हम सब से भी यही कहा कि जब तक अन्याय रहे, उससे लड़ते रहो। उनके जीवन की एक छोटी-सी घटना मुझे याद आ रही है। यह तब की, जब वह एक छोटे-से बालक थे और पढ़ने जाते थे। तब वह कुछ कर नहीं सकते थे। उन्होंने देखा कि एक नौजवान आदमी एक बालक को पीट रहा है। वह उसको सह न सके। कुछ कर तो वह नहीं सकते थे। लेकिन जा कर उस आदमी से वह लिपट गए और उसको मारने लगे और उसको एक तरह से बताने लगे कि तुम अन्याय कर रहे हो।

इसी के साथ-साथ जहां तक सम्पत्ति का सवाल है, उससे तो उनको कोई लगाव ही नहीं था, सम्पत्ति से प्रेम तो था ही नहीं। यहां तक कि एक बार जब मैंने उनसे कहा कि डा० साहब अकबरपुर में जो आपका मकान है, पूर्वजों का घर है वह गिर गया है या पड़ा हुआ है और अगर वह पड़ा हुआ है तो उसमें हम पार्टी का कोई कार्यालय वगैरह बना सकते हैं। मेरी बात को सुन कर वह मुझ पर बिगड़ गए और बिगड़ कर कहने लगे कि अब तुम मुझे इस उम्र में सम्पत्ति का मोह सिखा रहे हो। मैंने कहा, नहीं डा० साहब,

हम यह चाहते हैं कि समाज को लाभ पहुंचे, आपका सब कुछ देश का ही तो है। वह ऐसे व्यक्ति थे जिनका अपना कुछ नहीं था, जो कुछ था सारे देश का था।

इसी तरह से वह गरीबों के लिए लड़ते रहे। अन्त में जब मरे तो बिजली के घर में अन्य गरीबों की तरह से जला दिये गये जिन के लिए वह जिन्दगी भर लड़ते रहे थे। जो रास्ता उन्होंने पिछड़े और दलित वर्गों के लिए बताया है, विशेष अवसरों की बात कही है, भाषा का जो सवाल उठाया है, जो कुछ गरीबों के लिए करने के लिए कहा है उस सब पर अमल होगा तो यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

इसके साथ-साथ जो अन्य संसद् सदस्यों के बारे में कहा गया उनके प्रति भी मैं श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और उनके शोक संतप्त परिवार वालों के प्रति संवेदना प्रकट करता हूं।

**MR. SPEAKER**: As a mark of respect to the memory of these friends, the House may stand in silence for a short while.

*The Members then stood in silence for a short while.*

**MR. SPEAKER**: As a mark of respect to the departed members, the House stands adjourned till tomorrow 11 A.M.

**12.11 hrs.**

*The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Tuesday, November* 14, 1967/*Kartika* 23, 1889 (*Saka*)